वेबसाईट : www.abvp.org

पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 18 अप्रैल 2023

-:शोक सन्देश:-

मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में एक सड़क हादसे में यज्ञ सम्राट संत श्री कनक बिहारी दास जी के देवलोकगमन पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शोक संवेदना व्यक्त करती है। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में कनक बिहारी दास जी के सेवा कार्यों तथा सत्कार्य प्रेरणा ने अनेक लोगों को सकारात्मक दिशा दी।

संत श्री कनक बिहारी दास जी बाल्यकाल में ही गृह त्याग कर संन्यास परंपरा द्वारा समाजसेवा का महान लक्ष्य लिए विश्व कल्याण के पुनीत कार्य में संलग्न हो गए थे। मध्य प्रदेश के छिन्दवाड़ा जिले के नोनीबर्रा मे पेंच नदी के किनारे उनका आश्रम अनेक सकारात्मक सामाजिक गतिविधियों का केन्द्र रहा।

संत श्री कनक बिहारी दास जी के देवलोकगमन पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री आशीष चौहान तथा राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री श्री प्रफुल्ल अकांत ने लाखों अभाविप कार्यकर्ताओं की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की, अभाविप कार्यकर्ता प्रार्थना करते हैं कि उनके अनुयायियों को इस अपार दु:ख को सहन करने का साहस मिले। उनके विचार, देश-समाज सेवा के लिए प्रेरित करेंगे।

(यह शोक सन्देश केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी किया गया है।)